No.1495/VIP/MOS(SJ&E)/..2016..

कृष्ण पाल गुर्जर
KRISHAN PAL GURJAR

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार

MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

दिनांक 26.05.2016

प्रिय श्री यादव जी,

मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र फरीदाबाद (हरियाणा) के निवासी श्री दीपक यादव द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।

श्री दीपक यादव फरीदाबाद क्षेत्र में समाज की विभिन्न गतिविधियों में रुचि रखते हैं, और समाज सुधार के हर कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं तथा उन कार्यों को पूरा भी करते हैं । ये अपने एरिया के रेजिडेंट्स वेलफेयर के वर्किंग प्रेजिडेंट, हरियाणा पुलिस की रोड सेफटी संगठन, जीआरपी हरियाणा रेलवे संगठन, रेड क्रॉस सोसायटी, फरीदाबाद एक्शन ग्रुप आदि कई सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर जनता की भलाई के लिए कल्याणकारी कार्य कर रहे हैं । इन सामाजिक संगठनों के कार्यों से समाज में काफी सुधार देखने को मिला है ।

श्री दीपक यादव के द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों को देखते हुए हरियाणा सरकार एवं क्षेत्र के सामाजिक संगठनों की तरफ से पुरस्कारों से इन्हें सम्मानित किया जा चुका है । संलग्न पत्र आत्म व्याख्यात्मक है ।

समाज सेवा के क्षेत्र में इनके अनुभव और समर्पण के भाव को देखते हुए इस वर्ष के भारत गौरव पुरस्कर हेतु इनके नाम की अनुशंसा करता हूँ ।

भवदीय,

(कृष्ण पाल गुर्जर)

भारत गौरव संदेश यादव,
जनरल सेक्रेटरी,
भारत गौरव पुरस्कार चयन समिति,
होटल अशोक चाणक्यापुरी,
नई दिल्ली - 10021